PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Sat, 03 Jun 2017, Page 3
Width: 21.67 cms, Height: 20.88 cms, a3r, Ref: 38.2017-06-03.15

पाकिस्तान के खिलाफ भारत को मिला रूस का साथ

मोदी से सहमत पुतिन उठाएंगे संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद पर लंबित प्रस्ताव

सेंट पीटर्सबर्ग, प्रेट्र : आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि भारत जिस समस्या का सामना कर रहा है वह काल्पनिक नहीं है। आतंकवाद को मिल रहे पाकिस्तान के समर्थन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों का रूस के राष्ट्रपति ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि क्या हो रहा है और यह हमें कहां ले जा रहा है। आतंकवाद के खतरे पर अब हमारे जागने का समय है। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद पर लंबित प्रस्ताव उठाएंगे। वह सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय फोरम (एसपीआइईएफ) को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व समुदाय से आतंकवाद को मिल रहे आर्थिक मदद पर रोक लागाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कश्मीर में सक्रिय आतंकियों को मिल रही पाकिस्तानी मदद पर निशाना निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय आतंकियों को हथियारों की आपूर्ति और संचार सुविधाओं के इस्तेमाल पर भी रोक लगाए। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। आतंकवाद से लड़ाई में एकजुटता की दरकार है।' फोरम में रूस के राष्ट्रपति के अलावा आस्ट्रिया, मोल्डोवा के नेताओं के अलावा संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंटोनियो गुटेरस भी मौजूद थे। गुतेरस की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि 40 वर्षों से संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव लंबित है। यह प्रस्ताव आतंकवाद की परिभाषा और उनके मददगारों से संबंधित है। कहा कि केवल बातें हुई हैं। न तो कोई चर्चा हुई और न ही कोई फैसला लिया गया है। पीएम ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पुतिन ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि वह प्रस्ताव पर चर्चा कराएंगे।

कहां से आता है हथियार, पैसा : प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को हथियार और धन की मदद पर भी सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि जो न हथियार बनाते हैं और न ही रुपये छापते हैं, उनके पास यह कैसे पहुंचता है? कुछ देश उन्हें इसकी आपूर्ति करते हैं। उनके पास अपनी संचार प्रणाली भी नहीं है, लेकिन कुछ देश इसमें भी उनकी मदद करते हैं।

सेंट पीटर्सबर्ग में इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इस अवसर पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद रहे • एएफपी

मोदी ने वैश्विक कारोबारियों को दिया निवेश का न्योता

सेंट पीटर्सबर्ग : रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्थिक फोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कारोबारियों को भारत में निवेश करने का न्योता दिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गृह क्षेत्र में मोदी ने भारतीय बाजार की गहराई का जिक्र करते हुए कहा कि 120 करोड़ लोगों के बाजार में निवेश करने के लिए आप के पास असीम संभावनाएं हैं। • पेज 19

संबंधित सामग्री
» पेज 19